भारत सरकार

रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय

औषध विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1877

दिनांक 06 दिसम्बर, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए

उच्च मूल्य की औषधियों और उच्च स्तरीय चिकित्सा उपकरणों के उत्पादन

1877. श्री दिलेश्वर कामैतः

क्या **रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार आयात पर निर्भरता कम करने के लिए उच्च मूल्य की औषधियों और उच्च स्तरीय चिकित्सा उपकरणों के उत्पादन पर ध्यान केंद्रित कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या फार्मास्यूटिकल्स के लिए उत्पाद संबद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना अपर्याप्त सब्सिडी और निवेश के लिए कई शर्तों के कारण धीमी गति से चल रही है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) सरकार द्वारा पीएलआई योजना के अंतर्गत अब तक कितनी किस्तें जारी की गई हैं;

(घ) फार्मास्यूटिकल्स के लिए पीएलआई योजना हेतु वित्तीय परिव्यय कितना है;

(ङ) इस योजना के अंतर्गत समर्थित उत्पादों की श्रेणियां, लक्षित समूह और चयन मानदंड क्या हैं; और

(च) थोक औषधियों और चिकित्सा उपकरणों के लिए पीएलआई की उपलब्धियां क्या हैं?

उत्तर

रसायन एवं उर्वरक राज्य मंत्री (श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क): भारत सरकार ने आयात निर्भरता को कम करने, घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने और बड़े निवेश को आकर्षित करने के लिए बल्क औषधियों और चिकित्सा उपकरणों सहित औषध क्षेत्र में घरेलू विनिर्माण को प्रोत्साहित करने के लिए कई उपाय किए हैं। योजनाबद्ध कार्यकलाप इस प्रकार हैं:

i. भारत में महत्वपूर्ण प्रमुख प्रारंभिक सामग्री (केएसएम) / औषधि मध्यवर्ती (डीआई) और सक्रिय औषधीय सामग्री (एपीआई) के घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना (जिसे बल्क औषधि के लिए पीएलआई योजना के रूप में भी जाना जाता है), 6,940 करोड़ रुपये के वित्तीय परिव्यय और वित्त वर्ष 2022-2023 से वित्त वर्ष 2028-29 तक उत्पादन अवधि के साथ है। यह योजना अधिसूचित उत्पादों के विनिर्माण के लिए वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान करती है।

ii. औषध के लिए पीएलआई योजना, 15,000 करोड़ रुपये के कुल वित्तीय परिव्यय और वित्त वर्ष 2022-2023 से वित्त वर्ष 2027-28 तक उत्पादन अवधि के साथ, 55 चयनित आवेदकों को छह वर्ष की अवधि के लिए तीन श्रेणियों के तहत पहचाने गए उत्पादों के विनिर्माण के लिए वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान करता है। इस योजना के तहत, उच्च मूल्य वाले औषध उत्पादों जैसे पेटेंटीकृत/गैर-पेटेंटीकृत औषधियां, जैव औषधीय, कॉम्प्लेक्स जेनेरिक, कैंसर-रोधी औषधियां, ऑटो-इम्यून औषधियां, ऑर्फन औषधियां आदि का विनिर्माण किया जाता है।

iii. चिकित्सा उपकरणों के घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए पीएलआई योजना, जिसका कुल वित्तीय परिव्यय 3,420 करोड़ रुपये है और उत्पादन अवधि वित्त वर्ष 2022-2023 से वित्त वर्ष 2026-27 तक है, चयनित कंपनियों को भारत में विनिर्मित और योजना के चार लक्षित खंडों के तहत कवर किए गए चिकित्सा उपकरणों की वृद्धिशील बिक्री पर 5% की दर से पांच (5) वर्षों की अवधि के लिए प्रोत्साहन प्रदान करती है। इस योजना के तहत उच्च मूल्य के चिकित्सा उपकरण जैसे कि लीनियर एक्सेलेरेटर, एमआरआई मशीन, सीटी-स्कैन, मैमोग्राम, सी-आर्म्स, अल्ट्रासाउंड मशीन आदि का निर्माण किया जाता है, जिन्हें पहले देश में आयात किया जाता था।

(ख) और (ग): यह योजना नए संयंत्र और मशीनरी, आरएंडडी, उत्पाद पंजीकरण, नए भवन में निवेश की अनुमति देती है। अक्टूबर 2024 की स्थिति के अनुसार, इस योजना के तहत कुल 33,534 करोड़ रुपये का निवेश प्राप्त हुआ है और यह 17,275 करोड़ रुपये के मूल अनुमानित निवेश को पार कर गया है। इस योजना के तहत 45 कंपनियों को 3,215 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि जारी की गई है।

(घ) और (ङ): औषध के लिए पीएलआई योजना के लिए वित्तीय परिव्यय वित्त वर्ष 2022-23 से वित्त वर्ष 2027-28 तक की योजना उत्पादन अवधि के दौरान 15,000 करोड़ रुपये है। औषध विभाग द्वारा कार्यान्वित पीएलआई योजनाओं के तहत समर्थित उत्पादों की श्रेणियों, लक्षित समूहों

और चयन मानदंडों का विवरण विभाग की वेबसाइट https://pharmaceuticals.gov.in/schemes पर संबंधित पीएलआई योजना के अन्तर्गत उपलब्ध है।

(च): बल्क औषधि के लिए पीएलआई योजना के तहत, कुल 48 परियोजनाओं का चयन किया गया है, जिनमें से 25 बल्क औषधियों के लिए 34 परियोजनाएं शुरू की गई हैं। 3,938 करोड़ रुपये के प्रतिबद्ध निवेश की तुलना में, इस योजना के तहत 4,155.77 करोड़ रुपये का निवेश प्राप्त हुआ है। इस योजना के तहत आवेदकों द्वारा की गई संचयी बिक्री 1,330.82 करोड़ रुपये है (जिसमें 389.82 करोड़ रुपये का निर्यात शामिल है) और 4,241 व्यक्तियों के लिए रोजगार सृजित हुआ है।

चिकित्सा उपकरणों के लिए पीएलआई योजना के तहत कुल 32 आवेदकों का चयन किया गया है, जिनमें से 44 उत्पादों के लिए 19 ग्रीनफील्ड परियोजनाएं शुरू की गई हैं, जिनमें लीनियर एक्सेलेरेटर, एमआरआई मशीन, सीटी-स्कैन, मैमोग्राम, सी-आर्म्स, अल्ट्रासाउंड मशीन आदि जैसे उच्च स्तरीय चिकित्सा उपकरण शामिल हैं। 1356.94 करोड़ रुपये के प्रतिबद्ध निवेश की तुलना में 1057.47 करोड़ रुपये का निवेश प्राप्त हुआ है। इस योजना के तहत आवेदकों द्वारा की गई संचयी बिक्री 8,039.63 करोड़ रुपये है (जिसमें 3,844.01 करोड़ रुपये का निर्यात शामिल है)।

*****